# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
## उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध

COLLEGE CODE- 3405 टेलीफोन नं0– 07774–251272 मो0नं0 75877 9435

Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.com


क्रमांक 597/स्था. / 2022 उदयपुर दिनांक 29/9/2022

प्रति,

अध्यक्ष,
जनभागीदारी समिति
शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

विषयः– प्रायोगिक सामग्री एवं उपकरण क्रय करने हेतु अनुशंसा बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अगामी माह अक्टूबर 2022 के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) नई दिल्ली की पीयर टीम निरीक्षण हेतु तिथि निर्धारित करने का निर्देश मिला है। नैक मूल्यांकन के तारतम्य में यह अत्यंन्त आवश्यक है कि इस वर्ष जनभागीदारी के अन्तर्गत छात्रों से लिये गये फीस की राशि जो जनभागीदारी निधि में एकत्रित हुआ है उनका उपयोग उनके अध्यापन व्यवस्था में खर्च किया जाना आवश्यक है।

महोदय, जनभागीदारी में एकत्रित राशि जो कर्मचारियों को जून 2023 तक दिये जाने हेतु निर्धारित है, उस राशि को छोड़कर 1 लाख 34 हजार रूपया निधि में शेष है। इस राशि में से नैक के अनुसार प्रायोगिक विषयों के प्रायोगिक कार्य संचालन हेतु 1 लाख 25 हजार रूपये की सामग्री व उपकरण क्रय किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अतएव कृपया अनुशंसा हेतु सादर प्रस्तुत है।

29.9.22

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt Rajkumar Dheeraj Singh College Udaipur
Distt. Surguja (C.G.)

सामग्री एवं उपकरण क्रय करने की अनुशंसा की जाती है

30.9.22

30/9/22

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
## उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 249/ स्था./2021 उदयपुर, दिनॉक 09/12/2021

प्रति,

अध्यक्ष,
जनभागीदारी समिति,
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

विषय :– पुस्तके क्रय हेतु राशि अनुशंसा बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महाविद्यालय में इस वर्ष राष्ट्रीय मुल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् नई दिल्ली (नैक) को मुल्यांकन हेतु आंमत्रित किया जाना है नैक के अनुसार महाविद्यालय के लाईब्रेरी को समृद्ध किया जाना है अतः ग्रंथालय (लाईब्रेरी) हेतु B.A., B.Sc., एवं B.Com संकाय से संबधित पाठ्यपुस्तके क्रय करने हेतु 1,00000/– (अक्षरी एक लाख रूपये मात्र) राशि अनुशंसा करने की कृपा करें।

8.12.21

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Rajkumar Dheeraj Singh
College Udaipur
Distt. Surguja (C.G.)

OK

नियमानुसार पुस्तक क्रय करने हेतु अनुशंसा की जाती है

11.12.21

JBS
Sh. S.P. Tirki
स्टाफ़ को प्र० नो० करें
11.12.21

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
## उदयपुर, जिला—सरगुजा (छ.ग.)

यूजीसी से 2 (F) मान्यता, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध

COLLEGE CODE- 3405 टेलीफोन नं0— 07774—251272 मो0नं0 75877 9435

Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.com


क्रमांक579/ रथा. / 2022 उदयपुर दिनांक26 / 9 / 2022

प्रति,

अध्यक्ष,
जनभागीदारी समिति
शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

विषयः— प्रायोगिक विभागों में स्लेब (Slab) बनवाने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 01.09.2022 में प्राध्यापकों के द्वारा प्रायोगिक विभागों में स्लेब निर्माण करवाने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव पर समिति के विचार उपरान्त यह कहा गया कि स्लेब निर्माण हेतु संबंधित विभागध्यक्ष के द्वारा स्टीमेंट दिये जाने पर स्लेब निर्माण की कार्यवाही की जायेगी। उक्त तारतम्य में स्लेब निर्माण का स्टीमेंट आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको सादर संम्प्रेषित है।

26.9.22

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Rajkumar Dheeraj Singh
College Udaipur
Distt. Surguja (C.G.)

Rec
26.09.22

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय राजकुमार धीरज सिहं महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला– सरगुजा छ0ग0।

विषयः– प्रायोगिक सामग्री एंव उपकरण क्रय एंव आकास्मिक व्यय हेतु स्वीकृत राशि को खर्च ना करने के बाबत्।

संदर्भः– 1. आपका पत्र क्रमांक 597/स्था0/2022 उदयपुर दिनांक 29.09.2022.
2. आपका पत्र क्रमांक 693/स्था0/2022 उदयपुर दिनांक 02.12.2022.

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि आपके द्वारा उपरोक्त दोनों पत्रों के माध्यम से क्रमशः 1 लाख 34 हजार रूपया व 45000.00 (पैतालीस हजार रूपये) प्रायोगिक सामग्री एंव उपकरण क्रय करने तथा नैक मूल्याकंन के पीयर टीम के आने जाने व रूकने के दौरान होने वाले खर्च के लिए संदर्भित पत्रों के माध्यम से अनुशंसा (अनुमति) ली गई थी, जिसे आगामी बैठक तक खर्च ना करने हेतु आपको सादर सूचित किया जाता है। आगामी बैठक में खर्च का व्यौरा आपसे संबंधित खर्च हेतु क्रमशः प्रस्तुत करने की भी उम्मीद की जाती है। साथ ही उक्त मद में शासन के द्वारा आबंटित राशि का भी उल्लेख प्रस्तुत करने की कृपा करें।

दिनांक– 26.12.2022

अध्यक्ष,
(श्री शेखर कुमार सिहं देव)
जनभागीदारी समिति
शासकीय राजकुमार धीरज सिहं महाविद्यालय
उदयपुर,सरगुजा छ0ग0।

26/12/22

आवक क्र. 547
दिनांक 26.12.22

26/12/22

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध

COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड " (2.18 CGPA) टेलीफोन नं0– 07774–251272

Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.com


क्रमांक 1030/स्था./2023

उदयपुर दिनांक 14/07/2023

प्रति,

अपर संचालक,
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

विषयः– महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के गठन के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने बावत्।

सदर्भः– पत्र क्रमांक 4067/1368/आउशि/सम./2023 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 11/7/2023

उपर्युक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भर कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर सम्प्रेषित है।

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

पृ. क्र. 1031/स्था./ 2023

उदयपुर, दिनांक 14/ 07/2023

प्रतिलिपिः–

1. अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, जिला– सरगुजा (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
2. स्थापना शाखा।

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

जनभागीदारी समिति गठन की जानकारी

महाविद्यालय का नाम :– शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

जिला – सरगुजा

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | महावि. में जनभागीदारी समिति गठित है। हॉं/नही | यदि हॉं तो जनभागीदारी समिति का पंजीयन क्रं. एवं दिनांक | जनभागीदारी समिति का गठन की तिथि | जनभागीदारी अध्यक्ष का नाम | यदि नही तो जनभागीदारी समिति गठित करने हेतु महावि. स्तर से क्या–क्या कार्यवाही की गई है। | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.) | गठित है | —"— | 18.04.2023 | श्री शेखर सिह देव | गठित है। | —"— |

14/07/23

प्राचार्य

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय

उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
## उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध

**COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड " (2.18 CGPA)** टेलीफोन नं0– 07774–251272

**Website:govtrdscollegeudaipur.in** **Email ID** govtrdscollegeudaipur01@gmail.com


क्रमांक 1066/स्था./2023

उदयपुर दिनांक 04/08/2023

प्रति,

जनभागीदारी अध्यक्ष,
शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

विषयः– नए शिक्षण सत्र 2023–24 में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अनुमोदन बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.) में पदस्थ प्राचार्य डॉ. टी. आर. डेहरे दिनांक 29.04.2023 को सेवानिवृत्त हुए है तत्पश्चात् कार्यालय आयुक्त के पत्र क्र. 483/725/आउशि/राज.स्था./2023 के अनुसार मुझे आहरण संवितरण अधिकार प्रदान किया गया है। वित्तीय नियम 144 के अन्तर्गत मेरे द्वारा एकतरफा प्रभार दिनांक 12.07.2023 को लिया गया है।

महोदय, महाविद्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु जनभागीदारी समिति से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अनुमोदन हेतु यह पत्र सादर प्रेषित है।

प्रमुख बिन्दुः–

1. वर्तमान में जनभागीदारी कार्यवाही पंजी अनुपलब्ध है। उक्त पंजी का रखरखाव श्री जगदीश प्रसाद तिर्की (तृतीय श्रेणी क्लर्क) द्वारा की जाती है । श्री जगदीश प्रसाद तिर्की द्वारा दिनांक 25.07.2023 को लिखित में वर्तमान प्रभारी प्राचार्य, जनभागीदारी प्रभारी व सदस्यों के संज्ञान में लाया गया कि 2022–23 के जनभागीदारी पंजी 18.04.2023 के बैठक के पश्चात् अवलोकन के लिए पूर्व प्राचार्य डॉ. टी. आर. डेहरे द्वारा लिया गया। जिसे कई बार मांगने के बाद भी वापस नहीं किया गया। उक्त लिखित पत्र के आधार पर, महाविद्यालय से डॉ. टी. आर. डेहरे के नाम से एक पत्र जारी किया गया है। साथ ही प्रतिलिपि कार्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक अम्बिकापुर एवं कार्यालय आयुक्त रायपुर को भी भेजी गई हैं। जनभागीदारी अध्यक्ष को दूरभाष के माध्यम से महाविद्यालय के प्रमुख क्लर्क रविप्रताप सिंह द्वारा सूचना दी गई।
2. सत्र 2023–24 में नए जनभागीदारी कार्यवाही पंजी की आवश्यकता है। ताकि नए शिक्षण सत्र की महत्वपूर्ण बिन्दुओं को संधारित किया जा सके।

शास. राजकुमार धीरज सिंह महावि.

Scanned with OKEN Scanner

3. जनभागीदारी की सत्र 2022–23 की अंतिम बैठक पूर्व प्राचार्य डॉ. टी. आर. डेहरे के कार्यकाल में 18.04.2023 को हुई थी, जिसमें महाविद्यालय विकास हेतु जनभागीदारी शुल्क में 300/– (तीन सौ रूपये ) की वृद्धि की गई थी, इसका लिखित प्रमाणिक दस्तावेज महाविद्यालय के पास नहीं है। अतः पूर्व बैठक के आधार पर महाविद्यालय द्वारा 300/– (तीन सौ रूपये) की जनभागीदारी वृद्धि शुल्क ली जा रही हैं । इस शुल्क की पुनः अनुशंसा की जाये, ताकि छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के विकास को गति मिल सके।
4. पूर्व जनभागीदारी सफाई कर्मचारी श्री देवेन्द्र गोस्वामी महाविंद्यालय को सूचना दिए बिना 01.05.2023 से महाविद्यालय नहीं आ रहे हैं अतः उसके स्थान पर 1 नये सफाई कर्मचारी श्री तेलगू राम को 15.07.2023 से जनभागीदारी मद से नियुक्ति दिए जाने की अनुशंसा की जाये, ताकि महाविद्यालय में स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके।
5. 29.04.2023 (30.04.2023), पूर्व प्राचार्य के सेवानिवृत्ति के दिन तक जनभागीदारी फण्ड में कुल राशि 2235/– (दो हजार दो सौ पैतीस रूपये मात्र) जमा हैं, जिसकी सूचना प्रेषित है।

संलग्नः–

1. श्री जगदीश प्रसाद तिर्की, सहायक ग्रेड – 03 द्वारा लिखित पत्र।
2. डॉ. टी. आर. डेहरे को उक्त पत्र के संदर्भ में प्रेषित पत्र।
3. डॉ. टी. आर. डेहरे को प्रेषित पत्र की जानकारी कार्यालय आयुक्त एवं क्षेत्रीय संचालक को प्रेषित प्रतिलिपि।

04/08/23
प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महा.विद्या.
उदयपुर, सरगुजा (छ.ग.)

-08-23
3/23
/8/23
4/08/23
4-8-23

शुल्क वृद्धि 300/- एवं सफाई कर्मचारी नियुक्ति को अनुशंसा की जाती है।

15.08.23